Bharat Temples

भजमन राम चरण सुखदाई राम चरण सुखदाईजिहि चरननसे निकसी सुरसरि Bhajans Bhakti Songs

भजमन राम चरण सुखदाई
राम चरण सुखदाईजिहि चरननसे निकसी सुरसरि
शंकर जटा समाई।
जटासंकरी नाम परयो है,
त्रिभुवन तारन आई॥भजमन राम चरण सुखदाई
भजमन राम चरण सुखदाई जिन चरननकी चरनपादूका
भरत रह्यो लिव लाई।
सोइ चरन केवट धोइ लीने
तब हरि नाव चलाई॥ भज मन राम चरण सुखदाई
भज मन राम चरण सुखदाईसोइ चरन संतजन सेवत
सदा रहत सुखदाई।
सोइ चरन गौतमऋषि-नारी
परसि परमपद पाई॥भज मन राम चरण सुखदाई
भज मन राम चरण सुखदाईदंडकबन प्रभु पावन कीन्हो
ऋषियन त्रास मिटाई।
सोई प्रभु त्रिलोकके स्वामी
कनक मृगा सँग धाई॥भजमन राम चरण सुखदाई
भजमन राम चरण सुखदाईकपि सुग्रीव बंधु भय-ब्याकुल

तिन जय छत्र फिराई।
रिपु को अनुज बिभीषन निसिचर
परसत लंका पाई ॥भजमन राम चरण सुखदाई
भजमन राम चरण सुखदाईसिव सनकादिक अरु ब्रह्मादिक
सेष सहस मुख गाई।
तुलसीदास मारुत-सुतकी प्रभु
निज मुख करत बढाई ॥भजमन राम चरण सुखदाई
भजमन राम चरण सुखदाई

Source: https://www.bharattemples.com/bhajman-ram-charan/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw